**Title:** Need for early revival of sugar mill at Nawabganj, Gonda (Uttar Pradesh).

**श्री ब्रज भूषण शरण सिंह (गोण्डा) : महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गौंडा के अन्तर्गत नवाबगंज चीनी मिल विगत कई वर्षों से बंद पड़ी है। उसे चालू कराने या बेचने का निर्णय करने हेतु बी.आई.एफ.आर. के अधीन मामला है। गन्ना किसानों की स्थिति उक्त मिल बंद होने से दयनीय हो गई है क्योंकि वहां के सभी किसान गन्ने की खेती पर निर्भर हैं। वह उसे बेच कर अपनी दैनिक दिनचर्या का सामान खरीदते हैं।**

**मैं सरकार से मांग करता हूं कि नवाबगंज चीनी मिल को निजी कम्पनियों के हाथों बेचने हेतु जनहित में बी.आई.एफ.आर. से शीघ्र निर्णय कराएं और चालू कराने की दिशा में विशेष व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।**